an>

Title:

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा) : महोदया, आपने मुझे अवसर दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। मेरे संसदीय क्षेत्र नालन्दा के अन्तर्गत चण्डी प्रखण्ड के रूखाई गांव में पुरातत्व विभाग ने खुदाई के दौरान तीन हजार वर्ष पुराने इतिहास का पता लगाया है। खुदाई के दौरान मिले अवशेष में जो मिट्टी के बर्तन मिले हैं, कई और ऐसी चीजें मिली हैं, उनसे पता चलता है कि इसका तकरीबन तीन हजार वर्ष पुराना इतिहास रहा होगा। बी.एच.यू. का पुरातत्व विभाग अपनी पूरी टीम के साथ बौद्धकाल से पूर्व की सभ्यता, संस्कृति व रहन-सहन की जानकारी के लिए वहां पहुंचा है। खुदाई में जो अवशेष मिले हैं, उससे लगता कि यह 25 सौ वर्ष पुराना रहा होगा। इस तरीके के कई स्थान नालन्दा में और भी हैं, जैसे तेलहाड़ा, जो अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय नालन्दा है, उससे भी पुरानी यूनिवर्सिटी का पता चला है। इसकी खुदाई राज्य सरकार ने कराई है। बेसमक की खुदाई का प्रस्ताव भी राज्य सरकार ने दिया है।

मैं केन्द्र सरकार से मांग करना चाहता हूं कि नालन्दा में पुरातत्व विभाग द्वारा एक टीम भेजकर जो भी इस तरह की ऐतिहासिक जगह हैं, उनकी खुदाई कराए, जिससे जो हमारा इतिहास रहा था, बुद्ध का, महावीर का, मकदूम साहेब का, उनके अवशेष का पता लगाया जाए। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

**12.51 hrs.**

**SUBMISSIONS BY MEMBERS - Contd...**